भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

4 जून 2024, मंगलवार

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए को बहुमत मिलने पर देश की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया

मोदी जी के नेतृत्व में NDA को लगातार तीसरी बार सेवा का मौका देने के लिए जनता को नमन

****

लगातार तीसरी जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता का विश्वास सिर्फ और सिर्फ मोदी जी के साथ है

****

देश के लिए अपना जीवन खपा देने वाले मोदी जी में जन-जन के अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है यह विजय

****

भाजपा को तीसरी बार मिली यह जीत हमारे कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का प्रतिफल है

****

नया भारत इस जनादेश के साथ विकास यात्रा को और गति और शक्ति देने के लिए तैयार है

****

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज लोकसभा चुनाव परिणाम में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा - एनडीए को बहुमत मिलने पर देश की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए फिर से लगातार तीसरी बार मोदी सरकार के चुने जाने पर बधाई दी।

सोशल मीडिया एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए श्री शाह ने लिखा है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए को लगातार तीसरी बार सेवा का मौका देने के लिए देश की जनता को कोटि-कोटि नमन करता हूँ। लगातार तीसरी जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता का विश्वास सिर्फ और सिर्फ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री आगे लिखा कि एनडीए की यह विजय, देश के लिए अपना जीवन खपा देने वाले नेता आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी में जन-जन के अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के “विकसित भारत” के विजन पर जनता-जनार्दन का विश्वासमत है। यह जन आशीर्वाद आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के बीते एक दशक के गरीब कल्याण, विरासतों के पुनरोत्थान, महिलाओं के स्वाभिमान और किसान कल्याण के कार्यों की सफलता का आशीष है। नया भारत इस जनादेश के साथ ‘विकास यात्रा’ को और गति और शक्ति देने के लिए तैयार है।

श्री शाह ने कहा कि एनडीए की यह जीत, बीते 10 सालों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जिस तरह देश के गरीबों, महिलाओं, पिछड़ों, वंचितों और युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए पुरुषार्थ किया है, उसके लिए जनता का आशीर्वाद मिला है। इस जीत के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि यह विजय, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उस अविराम साधना का प्रतिफल है, जो किसी भी कीमत पर रुकना

नहीं जानती है। बीते 23 सालों के सार्वजनिक जीवन में बिना एक दिन भी छुट्टी लिए, बिना अपनी परवाह किये, दिन-रात केवल देश और देशवासियों के कल्याण के लिए प्रयासरत रहने का है, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मैराथन प्रयास की यह जीत है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भाजपा को तीसरी बार मिली यह जीत हमारे कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का प्रतिफल है। इस जीत के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी और देश के हर भू-भाग में मेहनत करने वाले सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को मैं बधाई देता हूँ। श्री शाह ने कहा कि भाजपा के लिए उनके कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी पूँजी हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने जिस परिश्रम से उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक गली-गली, घर-घर जाकर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लिए जनता का आशीर्वाद माँगा है, वह सचमुच सराहनीय है। मैं सभी कार्यकर्ताओं को इस भगीरथ प्रयास के लिए मनपूर्वक शुभकामनाएँ देता हूँ।

Twitter Link:

- https://x.com/AmitShah/status/1797992324884222014
- https://x.com/AmitShah/status/1797992379917689130
- https://x.com/AmitShah/status/1797992435488100519
- https://x.com/AmitShah/status/1797992542203719734